>

Title: Issue regarding birth of blind children in Bhojpur district in Bihar.

श्रीमती मीना सिंह : महोदया, आपने मुझे लोक महत्व के इस विषय को शून्य काल में उठाने की अनुमति प्रदान की, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करती हूं।

महोदया, बिहार प्रान्त अन्तर्गत भोजपुरा जिला, जिसके अन्तर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र आता है तथा जिसे आपका गृह जिला होने का सौभाग्य प्राप्त है, वह एक गंभीर संकट से गुजर रहा है। मुझे सूचना मिली है कि विगत एक-दो वर्षों में भोजपुर जिले में सैकड़ों जन्मांध बच्चे पैदा हुए हैं। इनमें से करीब पचास बच्चों का इलाज आरा के एक निजी अस्पताल में वहां के प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. केडिया के द्वारा किया जा रहा है।

महोदया, मुझे वहां के चिकित्सकों द्वारा यह बताया गया है कि जेनेटिक डिसआडर, पर्यावरण की गड़बड़ी, दूषित पानी एवं विटामिन की कमी आदि के कारण ऐसा हो सकता है।

महोदया, किसी भी मां-बाप के लिए उसकी औलाद की क्या अहमियत है, इससे आप एवं सारा सदन अवगत है। ऐसे में जिन परिवारों में ऐसे बच्चों ने जन्म लिया है, उन परिवारों की स्थिति का वर्णन करना संभव नहीं है।

महोदया, हम सभी यह कहते हैं कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं। ऐसी स्थिति में मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि यथाशीघ्र केंद्र से जेनेटिक, पर्यावरण एवं नेत्र विशेषज्ञों की टीम भोजपुर भेजी जाए ताकि इस गंभीर समस्या का निदान किया जा सके।

महोदया, चूंकि भोजपुर आपका भी गृह जनपद है, इसलिए मैं विशेष रूप से इस समस्या के निदान के लिए आपका सहयोग चाहती हूं, ताकि भविष्य में ऐसे बच्चे पैदा न हों, जो जन्म से ही अंधे हों। धन्यवाद।